# कार्यालयः जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बलौदाबाजार,

## जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

**/विज्ञापन का प्रारूप/**

क्र.....01..../दो–12–17/2013 बलौदाबाजार दिनांक **18/02/2022**

आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **15/03/2022** संध्या **05:00** बजे तक।

कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश , बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार– भाटापारा (छ.ग.) की स्थापना में निम्नानुसार स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी), स्टेनोग्राफर (हिन्दी), सहायक ग्रेड–03 के समकक्ष, वाहन चालक, भृत्य के रिक्त पदों की सीधी भर्ती से पूर्ति तथा सिस्टम ऑफिसर एवं सिस्टम असिस्टेंट के पद पर संविदा नियुक्ति किये जाने हेतु भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते है :–

**रिक्त पदों का विवरण :–**

| क्र. | रिक्त पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | अनुसूचित जाति | | | | | अनुसूचित जनजाति | | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | | | अनारक्षित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मुक्त | महिला | भूतपूर्व सैनिक | दिव्यांग | योग | मुक्त | महिला | भूतपूर्व सैनिक | दिव्यांग | योग | मुक्त | महिला | भूतपूर्व सैनिक | दिव्यांग | योग | मुक्त | महिला | भूतपूर्व सैनिक | दिव्यांग | योग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 1 | स्टेनाग्राफर (अंग्रेजी) | 02 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | - | - | - | 1 | 1 | - | - | - | 1 |
| 2 | स्टेनाग्राफर (हिन्दी) | 02 | 1 | - | - | - | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | - | - | - | 1 |
| 3 | सहायक ग्रेड-3 | 13 | 3 | - | - | - | 3 | 1 | - | - | - | 1 | 2 | - | - | - | 2 | 4 | 2 | 1 | - | 7 |
| 4 | वाहन चालक | 01 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | - | - | - | 1 |
| 5 | भृत्य | 01 | - | - | - | - | - | 1 | - | - | - | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 6 | सिस्टम ऑफिसर (संविदा) | 01 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | - | - | - | 1 |
| 7 | सिस्टम असिस्टेंट (संविदा) | 01 | 1 | - | - | - | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |

**महत्वपूर्ण टीप :–**

1. पदों की संख्या परिवर्तनीय है।
2. परीक्षा तिथि में परिवर्तन करने का अधिकार जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) के पास सुरक्षित होगा।
3. आवश्यकतानुसार उपरोक्त पदों की संख्या में कमी अथवा वृद्धि की जा सकेगी।

## <u>भर्ती की पात्रता एवं शर्तें :–</u>

(1) **स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी) पद के लिए–**

(अ) वेतनमान :– वेतन मैट्रिक्स लेवल–7 (रूपये 28700–91300)

**(ब) शैक्षणिक योग्यता :–**

(क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी के लिये न्यूनतम 40 प्रतिशत तथा अनारक्षित वर्ग के लिये न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण हो।

(ख) छत्तीसगढ या मध्यप्रदेश शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन परीक्षा बोर्ड या शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य समकक्ष बोर्ड द्वारा अंग्रेजी शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र।

(ग) विश्वविद्यालय या राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (**डी.सी.ए.**) प्रमाण पत्र के साथ **<u>एम.एस.वर्ड/लिब्रे ऑफिस तथा इंटरनेट का न्यूनतम कम्प्यूटर ज्ञान।</u>**

**(2) स्टेनोग्राफर (हिन्दी) पद के लिए–**

**(अ) वेतनमान :– वेतन मैट्रिक्स लेवल–7 (रूपये 28700–91300)**

**(ब) शैक्षणिक योग्यता :–**

(क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी के लिये न्यूनतम 40 प्रतिशत तथा अनारक्षित वर्ग के लिये न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण हो।

(ख) छत्तीसगढ या मध्यप्रदेश शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन परीक्षा बोर्ड या शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य समकक्ष बोर्ड द्वारा हिन्दी शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र।

(ग) विश्वविद्यालय या राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (**डी.सी.ए.**) प्रमाण पत्र के साथ **<u>एम.एस.वर्ड/ लिब्रे ऑफिस तथा इंटरनेट का न्यूनतम कम्प्यूटर ज्ञान।</u>**

**(3) सहायक ग्रेड–03 पद (निष्पादन लिपिक/जूनियर नायब नाजिर/साक्ष्य लेखक/आदेशिका लेखक/सेल अमीन) के लिए –**

(अ) वेतनमान :– वेतन मैट्रिक्स लेवल–4 (रूपये 19500–62000)

**(ब) शैक्षणिक योग्यता :–**

(क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी के लिये न्यूनतम 40 प्रतिशत तथा अनारक्षित वर्ग के लिये न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण हो।

(ख) छत्तीसगढ़ या मध्यप्रदेश शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन परीक्षा बोर्ड या शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य समकक्ष बोर्ड द्वारा हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र।

(ग) विश्वविद्यालय या राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (**डी.सी.ए.**) प्रमाण पत्र के साथ **<u>एम.एस.वर्ड/लिब्रे ऑफिस तथा इंटरनेट का न्यूनतम कम्प्यूटर ज्ञान।</u>**

**(4) वाहन चालक पद के लिए –**

**(अ) वेतनमान :– वेतन मैट्रिक्स लेवल–4 (रूपये 19500–62000)**

**(ब) शैक्षणिक योग्यता :–**

(क) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से पूर्व माध्यमिक शाला (कक्षा 8 वीं) प्रमाण पत्र की परीक्षा उत्तीर्ण हो।

(ख) हल्का मोटर यान का वैध अनुज्ञप्तिधारी (लायसेंस) हो।

**(5) भृत्य पद के लिए –**

**(अ) वेतनमान :– वेतन मैट्रिक्स लेवल–1 (रूपये 15600–49400)**

**(ब) शैक्षणिक योग्यता :–**

(क) आवेदक छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना चाहिए।

(ख) न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा संस्था से कक्षा 5 वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र हो।

**(6) सिस्टम ऑफिसर (संविदा) पद के लिए –**

**(अ) मासिक संविदा वेतन :– 31450/–(एकमुश्त)**

**(ब) न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–**

BE/B.Tech/MCA, in Computer Science/Engineering of Information Technology.

**OR**

Master Degree in physics/ Maths/Statistics/operations Research with first Class or at least 60% marks in aggregate or equivalent grade with post Graduate Diploma Computer Science/Application or master degree in Computer Science/Information Technology with first Class or at least 60% marks in aggregate or equivalent grade.

**OR**

B.Sc. (Computer Science or IT) /BCA/ B.Sc. in Physics/ Maths / Statistics /Operations Research /Computer Science with either Post Graduate Diploma in Computer Science/Computer application (form a Government recognized University/Institution) with two year working experience.

(7) सिस्टम असिस्टेंट (संविदा) पद के लिए –

(अ) मासिक संविदा वेतन :– 18420/–(एकमुश्त)

(ब) न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–

Government recognized Diploma in ITI of equivalent after 10 standard.(C.O.P.A.)

**टीपः**–संविदा पद के लिए चयनित अभ्यर्थियों की कार्य अवधि मात्र 12 माह के लिए होगी, इसके पश्चात् सक्षम प्राधिकारी के द्वारा उसके कार्यक्षमता और योग्यता को देखते हुए उक्त अवधि को पुनः आगामी 01 वर्ष के लिये बढ़ाया जा सकता है।

**महत्वपूर्ण निर्देशः**– यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं तथा शर्तों को पूरा करते हैं। अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र प्रस्तुत करें। परीक्षा में सम्मिलित किये जाने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि आवेदक को अंतिम रूप से अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जावेगी।

## आयु सीमा एवं पात्रता की अन्य शर्तें –

1. आवेदक का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना चाहिए। (कार्यरत शासकीय सेवकों को छूट होगी) अभ्यर्थी रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक का उल्लेख करते हुए रोजगार कार्यालय के पंजीयन प्रमाण पत्र की स्वयं द्वारा प्रमाणित छायाप्रति को संलग्न करें।

   (अ) कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो , नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

   (ब) कोई पुरूष उम्मीदवार जिसकी एक से अधिक पत्नि जीवित है और कोई भी महिला उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक पत्नि जीवित हो , किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

2. उपरोक्त पदों के लिए ऐसे अभ्यर्थी पात्र होंगे जिनकी आयु दिनांक 01.01.2022 को 18 वर्ष से कम तथा 30 वर्ष से अधिक न हो परन्तु छ.ग. के स्थानीय/मूल निवासी अभ्यर्थी के लिए उच्चतर आयु सीमा **40 वर्ष** होगी। छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) महिला इत्यादि के लिए अधिकतम आयु सीमा में राज्य शासन द्वारा जो छूट दी गई है वह छूट यथावत लागू रहेगी तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु के संबंध में समय–समय पर जारी निर्देशों के आधार पर अभ्यर्थियों को आयु में दी जाने वाली सभी प्रकार की छूट को सम्मिलित करने के बाद अधिकतम आयु सीमा **45 वर्ष** से अधिक नहीं होगी। छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अन्य राज्य के आवेदकों के लिए अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष होगी। आयु

संबंधी प्रमाण पत्र के लिए हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी परीक्षा का प्रमाण पत्र जिनमें जन्मतिथि का उल्लेख हो, मान्य होंगे। जो अभ्यर्थी उच्चतर आयु सीमा में छूट चाहते है उन्हें संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

3. आवेदक किसी शासकीय या वैधानिक संस्था अथवा स्थानीय प्राधिकारी द्वारा सेवा से पृथक अथवा पदच्युत न किया गया हो।

4. चयनित उम्मीदवारों को छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर के वित्त निर्देश क्र. 372/260/वि/नि/चार/2020 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 29.07.2020 एवं सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 28.08.2020 की अधिसूचना के आधार पर चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जावेगी एवं उक्त परिवीक्षाधीन **अवधि पर नियुक्त शासकीय सेवकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में क्रमशः उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 70 प्रतिशत, 80 प्रतिशत, 90 प्रतिशत** राशि स्टायपेण्ड के रूप में देय होगा किन्तु परिवीक्षा अवधि में स्टायपेण्ड के साथ अन्य भत्ते कार्यरत अन्य कर्मियों की तरह प्राप्त होंगे। परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण न होने पर केवल 01 वर्ष के लिए और बढ़ाई जा सकेगी इसके पश्चात् भी यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी के द्वारा अपनी परिवीक्षा **अवधि को सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं किया गया है तो उनके सेवाएं बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकेगी।**

5. जो अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया एवं परीक्षा को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने का प्रयास करेंगे उसकी उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर निरस्त कर दी जावेगी।

6. चयनित उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक योग्यता जाति, निवास प्रमाण पत्र फर्जी पाये जाने की दशा में चयनित उम्मीदवार को सूचना दिये बिना उसकी सेवा समाप्त किया जाकर दाण्डिक कार्यवाही की जा सकेगी।

7. **आवेदन करने की तिथि में समस्त आवश्यक प्रमाण पत्र जीवित (वैध) होना अनिवार्य है।**

8. ऐसे अभ्यर्थी जो शासकीय सेवा/निगम/मण्डल/उपक्रम में कार्यरत हैं, उन्हें अपने नियुक्ति प्राधिकारी/कार्यालय प्रमुख द्वारा प्रदत्त परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति /अनापत्ति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। यदि अनुमति/अनापत्ति प्रमाणपत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न नहीं हुआ तो उनका चयन नहीं किया जा सकेगा।

9. **कोई भी अभ्यर्थी जिसे किसी अपराध का दोषसिद्ध ठहराया गया है वह नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।**

10. आवेदक को अच्छा चरित्र शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ स्वभाव का होना अनिवार्य है तथा किसी भी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक अस्वस्थता उनकी नियुक्ति हेतु अनर्हता होगी।

11. चतुर्थ श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए आयु संबंधी प्रमाण पत्र के लिए कक्षा 5 वीं/8 वीं के प्रमाण पत्र एवं सक्षम **अधिकारी के द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।**

12. यदि विज्ञापित रिक्त पदों के विरूद्ध अत्यधिक संख्या में आवेदन प्रस्तुत होते हैं तो ऐसे पदों की पूर्ति हेतु लिखित परीक्षा आयोजित की जा सकेगी जिसकी चयन विधि से यथा समय जिला न्यायालय की वेबसाईट districts.ecourts.gov.in/balodabazar के माध्यम से अवगत कराया जायेगा। **चयनित उम्मीदवारों को बलौदाबाजार जिले के बाह्य न्यायालयों में नियुक्ति की जा सकेगी।**

13. जिला न्यायालय के सिस्टम ऑफिसर एवं सिस्टम असिस्टेंट के पद पर परिनियोजन आवश्यकतानुसार 12 (बारह) माह की अवधि के लिए होगा। सिस्टम ऑफिसर एवं सिस्टम असिस्टेंट के पद पर चयनित किए गए व्यक्ति को 12 (बारह) माह से अधिक के परिनियोजन का दावा करने का अधिकार नहीं होगा , जब तक कि उनके परिनियोजन की अवधि समाप्त होने के बाद बढ़ाई नहीं जाती है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बलौदाबाजार को यह पूर्ण अधिकार होगा कि यदि चयनित अभ्यर्थी की सेवाएँ उनके परिनियोजन काल में संतुष्टिजनक नहीं पाई जाती है या वे किसी अवैध गतिविधि में संलिप्त पाए जाते हैं तो वे उसकी सेवाएं समाप्त कर दें।

14. सिस्टम ऑफिसर एवं सिस्टम असिस्टेंट के पद पर चयनित अभ्यर्थी को प्रथम 03 माह तक किसी भी अवकाश की पात्रता नहीं होगी, अनुपस्थित होने की दशा में नियमानुसार वेतन काटा जाएगा। 03 माह पश्चात् अभ्यर्थी को प्रतिमाह 01 दिवस के आकस्मिक अवकाश की पात्रता होगी, परन्तु लगातार 03 दिवस से ज्यादा आकस्मिक अवकाश, पूर्ववर्ती एवं पश्चातवर्ती अवकाश सहित स्वीकार्य नहीं होगा। शेष बचे आकस्मिक अवकाश हेतु कोई भुगतान नहीं किया जावेगा।

## आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया :-

1. आवेदन पत्र विज्ञापन के साथ संलग्न प्रारूप में प्रस्तुत किये जा सकेंगे। पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र बंद लिफाफे में, जिस पर वह आवेदित पद जिसके लिए आवेदन किया गया हो स्पष्ट रूप से उल्लेखित करते हुए प्रस्तुत करें। आवेदक अपना आवेदन पत्र **कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बलौदाबाजार (छ.ग.)** के कार्यालय में रखे बॉक्स पर निर्धारित अवधि तक डाल सकते हैं अथवा केवल वे आवेदन पत्र स्वीकार किये जायेंगे जो स्पीड पोस्ट या पंजीकृत डाक या कोरियर के माध्यम से दिनांक **15/03/2022** को समय संध्या **5.00 बजे** तक प्राप्त हो गये हों। इसके अलावा अन्य किसी भी माध्यम से प्रेषित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जाएंगे। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **15/03/2022** की संध्या **5.00 बजे** के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

2. विज्ञापन का विस्तृत अवलोकन कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश , बलौदाबाजार के शासकीय वेबसाईट districts.ecourts.gov.in/balodabazar में किया जा सकता है तथा विज्ञापन में दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप का उपयोग डाउनलोड कर किया जा सकता है।

3. आवेदन पत्र में स्वयं का नाम लिखा हुआ एवं नवीनतम स्वप्रमाणित रंगीन फोटो चस्पा होना चाहिए तथा पहचान के रूप में आधार कार्ड/वोटर कार्ड/ड्रायविंग लायसेंस/ पेनकार्ड आदि की स्व-प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें। बिना हस्ताक्षर के प्राप्त आवेदन पत्र को निरस्त माना जायेगा।

4. आवेदक को चाहिए कि वह विज्ञापन में दिये गये निर्देशों तथा आवेदन पत्र में वांछित सभी जानकारी अत्यंत सावधानीपूर्वक सही एवं पूर्ण रूप भरें। यदि आवेदन पत्र में त्रुटि या अपूर्णता पायी जाती है तो त्रुटि एवं अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना कोई सूचना दिये चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा। पदों हेतु निर्धारित योग्यता विज्ञापन प्रकाशन तिथि तक पूर्ण होनी चाहिए।

5. आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, जाति, निवास, दिव्यांगता आदि से संबंधित आवश्यक प्रमाण पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है।

6. ऐसे अभ्यर्थी जो एक से अधिक पद हेतु आवेदन करना चाहते हैं उन्हें पृथक –पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा। लिफाफे के ऊपर आवेदित पद एवं आरक्षित वर्ग का नाम लिखना अनिवार्य है। स्वयं का पता लिखा 01 लिफाफा जिसमें 5.00 रूपये का डाक टिकट लगा हुआ हो, संलग्न करना आवश्यक होगा।

## नियुक्ति हेतु चयन विधि :–

### अ–स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी)/(हिन्दी) के पद हेतु कौशल परीक्षा :–

उक्त पद की भर्ती हेतु कौशल परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। उम्मीदवारों को 100 (एक सौ) शब्द प्रति मिनट की गति से 3 (तीन) मिनट का करीब 300 (तीन सौ) शब्द का अंग्रेजी/हिन्दी श्रुत लेखन (डिक्टेशन) दिया जायेगा, जिसे परीक्षा के निर्धारित समय 20 मिनट की सीमा में शुद्धता से कम्प्यूटर में टाईप करना होगा। प्रत्येक त्रुटि के लिए आधा अंक (1/2) काटा जायेगा। जो हेडिंग, बोल्ड, पैराग्राफ, सेटिंग तथा टाईप की प्रत्येक की अशुद्धि के लिए भी होगा। कौशल परीक्षा 150 अंको की होगी।

**कौशल परीक्षा उबन्टू ओपन सोर्स ऑपरेटिंग सिस्टम के लिब्रे ऑफिस (Libre office writer) में टाईप करना होगा।**

### ब–सहायक ग्रेड–03 के पद हेतु कौशल परीक्षा :–

उम्मीदवारों को लगभग 250 शब्द के गद्यांश को निर्धारित समय 10 मिनट की समयावधि में शुद्धता से कम्प्यूटर में टाईप करना होगा। प्रत्येक त्रुटि के लिए आधा अंक (1/2) काटा जावेगा, जो हेडिंग, बोल्ड, पैराग्राफ सेटिंग तथा टाईप की प्रत्येक की अशुद्धि के लिए भी होगा। कौशल परीक्षा 100 अंको की होगी।

**कौशल परीक्षा उबन्टू ओपन सोर्स ऑपरेटिंग सिस्टम के लिब्रे ऑफिस (Libre office writer) में टाईप करना होगा।**

### स– वाहन चालक के पद हेतुः–

**अ**–वाहन परिचालन में प्रायोगिक (दक्षता/कौशल) परीक्षा–50 अंको की होगी। उम्मीदवारों से इस पद पर भर्ती हेतु वाहन परिचालन के संबंध में परीक्षण लिया जावेगा। वाहन चालक के पद हेतु अभ्यर्थी की मूल दस्तावेज सहित व्यक्तिगत उपस्थिति अनिवार्य होगी। जिसमें अभ्यर्थी के दस्तावेजों का परीक्षण किया जावेगा।

**ब**–आवेदकों की संख्या अधिक होने पर चयन समिति के निर्णयानुसार अतिरिक्त परीक्षा भी लिया जा सकेगा जिसकी जानकारी जिला न्यायालय की वेब साईट districts.ecourts.gov.in/balodabazar में प्रकाशित की जायेगी।

द– भृत्य के पद हेतुः–

**अ**–भृत्य के पद हेतु अभ्यर्थी की मूल दस्तावेज सहित व्यक्तिगत उपस्थिति अनिवार्य होगी। जिसमें अभ्यर्थी के दस्तावेजों का परीक्षण किया जावेगा।

**नोटः**–मूल दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत चयन समिति द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप शारीरिक एवं मानसिक क्षमता के आधार पर चयन हेतु वर्ग/श्रेणीवार मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी और उक्त सूची के अनुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार–भाटापारा छ.ग. के द्वारा नियुक्ति आदेश जारी किया जाएगा।

**इ–सिस्टम ऑफिसर एवं सिस्टम असिस्टेंट (संविदा) पद हेतुः–**

**(अ) लिखित परीक्षा :–** सिस्टम ऑफिसर एवं सिस्टम असिस्टेंट (संविदा) के पदों हेतु तकनीकी ज्ञान आधारित 50 (पचास) वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की लिखित परीक्षा आयोजित की जावेगी, जिसमें प्रत्येक प्रश्न 04 (चार) अंक का होगा। इस प्रकार यह लिखित परीक्षा कुल 200 (दो सौ) अंकों की होगी।

**(ब) साक्षात्कार :–**लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर वर्गवार मेरिट सूची से एक पद के विरूद्ध 03 (तीन) गुणा अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा। साक्षात्कार कुल 25 अंको का होगा। अधिक संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त होने की दशा में अभ्यर्थियों को चयन परीक्षा में सीमित करने के प्रयोजन से चयन समिति द्वारा पृथक से निर्णय लिया जा सकेगा, जो मान्य होगा।

**टीपः–** स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी), स्टेनोग्राफर (हिन्दी), सहायक ग्रेड –03, वाहन चालक, भृत्य, सिस्टम ऑफिसर (संविदा) एवं सिस्टम असिस्टेंट (संविदा) के पद हेतु आयोजित परीक्षा में एक अभ्यर्थी के एक से अधिक पदों हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की दशा में उसे प्रत्येक पद के लिए आयोजित परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा।

## चयन एवं प्रतीक्षा सूची :–

1. स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी), स्टेनोग्राफर (हिन्दी), सहायक ग्रेड–03 के पद पर चयन हेतु कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर वर्गवार मेरिट सूची तैयार करते हुए चयन सूची तैयार की जायेगी तथा नियमानुसार वर्गवार प्रतीक्षा सूची तैयार की जायेगी अथवा **अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण लिखित परीक्षा आयोजित होने की स्थिति में चयन समिति द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप कार्यवाही की जाएगी।**
2. सिस्टम ऑफिसर एवं सिस्टम असिस्टेंट (संविदा) के पद पर चयन हेतु, लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंको को मिलाकर उसके आधार पर वर्गवार मेरिट सूची तैयार करते हुए चयन सूची तैयार की जायेगी तथा नियमानुसार वर्गवार प्रतीक्षा सूची तैयार की जायेगी।
3. वाहन चालक पद के चयन हेतु प्रायोगिक (दक्षता/कौशल) में प्राप्त अंको के आधार पर वर्गवार मेरिट सूची तथा नियमानुसार वर्गवार प्रतीक्षा सूची तैयार की जायेगी अथवा अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण लिखित परीक्षा आयोजित होने की स्थिति में चयन समिति द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप कार्यवाही की जाएगी।
4. प्रतीक्षा सूची परिणाम घोषित होने की तिथि से 01 वर्ष तक प्रभावशील रहेगा।

5. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में जन्मतिथि के आधार पर वरीयता तय की जायेगी। जिस अभ्यर्थी की जन्मतिथि पहले होगी उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी। जन्मतिथि समान होने पर अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार जिस आवेदक का नाम प्रथम आयेगा उनका चयन किया जायेगा। इसका प्रकाशन कार्यालय के वेबसाईट एवं कार्यालय की सूचना पटल में किया जावेगा। चयनित उम्मीदवार के प्रमाण पत्रों के संबंध में यदि किसी को दावा/आपत्ति हो तो 15 दिन के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत करेगा। उक्त समयावधि में कोई अभ्यावेदन प्राप्त न होने की स्थिति में यह मान लिया जावेगा कि किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति नहीं है।

## महत्वपूर्ण निर्देश :-

1) चयनित उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करते समय समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

2) चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बलौदाबाजार का होगा जो अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

3) चयनित उम्मीदवार को जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वस्थता का प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत करने के बाद ही सेवा में लिया जावेगा।

4) आरक्षित वर्ग के चयनित उम्मीदवारों के जाति प्रमाण पत्र का सत्यापन संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर (छ.ग.) से सत्यापित कराया जा सकेगा।

5) चयनित उम्मीदवारों के जिसे नियुक्ति आदेश जारी किये गये हो कार्यभार ग्रहण किये जाने के पश्चात् पुलिस सत्यापन नियमानुसार कराया जायेगा, आपराधिक गतिविधियों में शामिल पाये जाने की दशा में नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

6) चयन प्रक्रिया के संबंध में जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बलौदाबाजार (छ.ग.) का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

7) उक्त नियुक्ति आरक्षण के संबंध में माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा रिट पीटिशन क्र. (सी) 591/2012, 592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 में पारित होने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन किया जायेगा।

8) यह विज्ञप्ति बिना किसी कारण बताये किसी भी समय निरस्त की जा सकेगी।

9) आवेदक जिला न्यायालय की वेबसाईट districts.ecourts.gov.in/balodabazar से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा हेतु उपस्थित हो सकेंगे। पृथक से कोई प्रवेश पत्र कार्यालय द्वारा जारी नहीं किया जायेगा। प्रवेश पत्र में अभ्यर्थी के फोटोग्राफ कॉलम में नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा एवं स्व-हस्ताक्षरित कर प्रस्तुत करना होगा। साथ ही पहचान संबंधी दस्तावेज जैसे कि आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, मतदाता परिचय पत्र या पेन कार्ड की मूल प्रति के साथ उपस्थित होना होगा, अन्यथा की दशा में परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जा सकेगा। लिखित परीक्षा, कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को स्वयं के व्यय पर परीक्षा तिथि को निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित रहना होगा, उन्हें किसी भी प्रकार का यात्रा व्यय देय नहीं होगा। अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में परीक्षा आगामी तिथि निर्धारित कर एक से अधिक पाली में ली जा सकेगी।

10) प्राप्त आवेदनों के स्क्रूटनी करने के उपरांत पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची का प्रकाशन कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय, बलौदाबाजार के वेबसाईट districts.ecourts.gov.in/balodabazar तथा सूचना पटल पर प्रकाशित किया जायेगा। उक्त प्रकाशन के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो आवेदक 07 (सात) दिवस के भीतर स्वतः उपस्थित होकर लिखित आपत्ति चयन समिति के समक्ष पेश कर सकेंगे। अंतिम पात्र सूची के आपत्ति के निराकरण पश्चात् कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय, बलौदाबाजार की वेबसाईट पर प्रकाशित/अपलोड की जायेगी। यदि किसी कारण से अभयर्थी को परीक्षा की सूचना विलंब से प्राप्त होती है तो उसके लिए कार्यालय की जिम्मेदारी नहीं रहेगी। इस संबंध में अभ्यर्थी स्वयं सचेत रहें और वेबसाईट का समय-समय पर अवलोकन करते रहें।

11) प्रतियोगी परीक्षा से सबंधित अभिलेख अंतिम चयन परिणाम के 06 माह के पश्चात् विनिष्टीकरण किये जाने योग्य होंगे तथा उक्त अवधि के पश्चात् सूचना के अधिकार के अधिनियम के अंतर्गत चयन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपि/निरीक्षण के लिए आवेदन मान्य नहीं होगा।

12) आवेदक परीक्षा के लिए निर्धारित तिथि पर प्रवेश पत्र के प्रोफार्मा को स्वयं भरकर परीक्षा के लिए निर्धारित समय से 01 घण्टा पूर्व पंजीयन हेतु उपस्थित होंगे। विलंब से उपस्थित होने पर परीक्षा में शामिल नहीं किया जायेगा

13) उम्मीदवारों को पृथक से कोई प्रवेश पत्र नहीं भेजा जावेगा, उम्मीदवारों का पंजीयन क्रमांक तथा अनुक्रमांक की जानकारी जिला न्यायालय बलौदाबाजार की वेबसाईट districts.ecourts.gov.in/balodabazar तथा सूचना पटल पर चस्पा किया जायेगा, जिसे ही अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र पर अंकित करना होगा।

14) यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं तथा शर्तों को पूरा करते हैं।

15) कोई सारवान जानकारी छुपाये जाने पर नियुक्ति के पश्चात भी सेवा तत्काल समाप्त की जा सकेगी।

**स्थान :- बलौदाबाजार**

**दिनांकः- 18/02/2022**

**अध्यक्ष,**
**चयन समिति,**
**जिला न्यायालय, बलौदाबाजार**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

अनुमोदित

District & Session's Judge
Baloda Bazar (C.G.)

## स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी), स्टेनोग्राफर (हिन्दी), सहायक ग्रेड–03, वाहन चालक, भृत्य, सिस्टम ऑफिसर (संविदा), सिस्टम असिस्टेंट (संविदा) के पदों पर नियुक्ति हेतु

## //आवेदन पत्र का प्रारूप//

प्रति,

| आवेदक का स्वहस्ताक्षरित पासपोर्ट साईज का नवीनतम रंगीन फोटो |
|---|

जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बलौदाबाजार,
जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

1. आवेदित पद का नाम ..................................................
2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) ..................................................
   (अंग्रेजी के ब्लॉक लेटर्स में) .............................................. ...
3. लिंग (संकेतांक) (पुरूष–1, महिला– 2, अन्य– 3)..................... ... ...
4. पिता/पति का नाम ..................................................
5. (अ) पत्र व्यवहार का वर्तमान पता ..................................................
   (हिन्दी में) ..................................................
   ..................................................
   ..................................................
   (ब) स्थाई पता ........................... .......................
   ..................................................
   ..................................................
6. (अ) जन्म तिथि(अंको में) ..................................................
   जन्म तिथि (शब्दों में) ..................................................
   (ब) दिनॉक 01.01.2022 को आयु – वर्ष ...... .. माह ..... ..... दिन..... ...
   (यदि आवेदक आयु में छूट का कोई दावा करता है तो उक्त के संबंध में आधार एवं दस्तावेज संलग्न करें)
7. क्या आवेदक छ.ग. राज्य का मूल निवासी है ? ................................ ... .
   हाँ/नही (यदि हाँ तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)
8. (अ) क्या आवेदक छ.ग. शासन द्वारा छ.ग. ... ... ..............................
   के लिये घोषित अनुसूचित जाति/
   अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग
   का सदस्य है ? हाँ/नही (यदि हाँ तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)
   (ब) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ ..................................
   अन्य पिछड़ा अंकित करें।

9. (अ) क्या आवेदक दिव्यांग है ? हाँ/नहीं........................................ ... ...

(यदि हॉ तो दिव्यांगता संबंधी जिला मेडिकल
बोर्ड का सत्यापित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें)

(ब) दिव्यांगता का प्रकार व प्रतिशत ..............................................

10. (अ) क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है ? हाँ/नहीं.......................................

(यदि हाँ तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्य प्रति संलग्न करें।)

11. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक/वैधता दिनांक... ... ... ... ... ... ... ... ... .

12. रोजगार कार्यालय का नाम ........................................ ..

13. क्या आप विवाहित है ? हाँ/नहीं ........................................ ....

14. यदि विवाहित हो तो विवाह की तिथि ..............................................

15. जीवित बच्चों की संख्या/जन्मतिथि ..............................................
..............................................

16. **शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता :-**

| **क्र.** | **परीक्षा का नाम** | **उत्तीर्ण होने का वर्ष** | **बोर्ड/वि.वि. का नाम** | **विषय** | **प्राप्तांक/ पूर्णांक** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

17. कार्य अनुभव (यदि हो तो) प्रमाण पत्र संलग्न करें।

| **क्र.** | **पद का नाम** | **संस्था का नाम** | **प्रथम नियुक्ति दिनांक** | **कुल अवधि** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

18. क्या आवेदक शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में सेवारत है ? .........................

हाँ/नहीं (यदि हाँ तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

19. आवेदक स्वयं का मोबाईल नं. अंकित करें ..............................................

(यदि ई-मेल आईडी हो तो दर्ज करें) ..............................................

20. स्वप्रमाणित संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

1. ........................................ 6................................
2. ........................................ 7............................
3. ........................................ 8................................
4. ........................................ 9................................
5...................................... 10.................................

दिनाँक :–

स्थान :–

**आवेदक का हस्ताक्षर नाम**
**एवं पूरा पता**

**//घोषणा पत्र//**

मैं..............................................................पति/पत्नि/पिता/

अभिभावक .................................................................. सत्यनिष्ठा से यह घोषणा करती/करता हूँ कि आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त जानकारी पूर्णतया सत्य है। चयन के किसी भी स्तर पर मेरे द्वारा दी गई जानकारी अपूर्ण या असत्य पाये जाने पर आवेदन पत्र या नियुक्ति रद्द किये जाने के लिये मैं पूर्णतः जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।

**आवेदक के हस्ताक्षर**
**नाम सहित**

# कार्यालयः जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बलौदाबाजार,
# जिला– बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

| आवेदक का स्वहस्ताक्षरित पासपोर्ट साईज का नवीनतम रंगीन फोटो |
|---|

**//प्रवेश पत्र//**

**स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी)/स्टेनोग्राफर (हिन्दी)/सहायक ग्रेड–03/सिस्टम ऑफिसर (संविदा) एवं सिस्टम असिस्टेंट (संविदा)**

| | |
|---|---|
| **आवेदन का पंजीयन क्रमांक** | |
| **परीक्षार्थी का अनुक्रमांक** | |

आवेदित पद का नाम :– ..............................................

अभ्यर्थी का नाम :– ..............................................

पिता/पति का नाम :– ..............................................

वर्ग :– ..............................................

(अनारक्षित/अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. )

**परीक्षार्थी के हस्ताक्षर**

**कार्यालयीन उपयोग हेतुः–**

परीक्षार्थी का अनुक्रमांक :–..................................

परीक्षा केंद्र का नाम :– ...............................

परीक्षा का दिनॉक :– ...............................

परीक्षा का समय :– ...............................

**वास्ते/जिला एवं सत्र न्यायाधीश,**
**बलौदाबाजार**
**जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)**

**परीक्षार्थी के लिये अनुदेश** :–

1/ परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारंभ होने के 01 घण्टा पूर्व पंजीयन हेतु उपस्थित होना अनिवार्य है। विलम्ब से उपस्थित होने पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

2/ परीक्षा के दिन परीक्षार्थी को अपना प्रवेश–पत्र लाना अनिवार्य है। परीक्षा में केवल काले अथवा नीले बाल पेन का ही उपयोग करें। परीक्षार्थी उक्त प्रवेश पत्र को स्वयं भरकर साथ लेकर आवेगा। पृथक से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जावेगा। आवेदन पत्र के पंजीयन क्रमांक एवं अनुक्रमांक की जानकारी जिला न्यायालय की वेबसाईट **districts.ecourts.gov.in/balodabazar** एवं सूचना पटल से ली जा सकेगी।

3/ परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के अस्त्र–शस्त्र, वर्जित कागजात, चीट, पुस्तक, नोट्स, पेजर, कैल्क्यूलेटर, मोबाईल, लॉग टेबल, ब्लूटूथ या अन्य कोई इलेक्ट्रानिक डिवाईस आदि रखना वर्जित है। अन्यथा परीक्षार्थी को परीक्षा से वंचित किया जावेगा, जिसके लिये परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

4/ प्रवेश पत्र में दिये गये निर्धारित स्थान पर आवेदन पत्र में संलग्न किये गये फोटो के अनुसार ही फोटो चिपकाना/चस्पा करना अनिवार्य है। एक अतिरिक्त रंगीन नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो लेकर आवश्यक रूप से आवे।

5/ परीक्षार्थी प्रवेश पत्र में हस्ताक्षर केवल परीक्षा के दिन, परीक्षा–कक्ष में पर्यवेक्षक के समक्ष ही करें।

6/ **परीक्षार्थी अपने साथ आई.डी. (आधार कार्ड, ड्रायविंग लाईसेंस, मतदाता परिचय पत्र या पेन कार्ड) की मूल प्रति साथ लेकर आवे।**

# कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बलौदाबाजार,
# जिला– बलौदाबाजार–भाटापारा (छ0ग0)

आवेदक का स्वहस्ताक्षरित पासपोर्ट साईज का नवीनतम रंगीन फोटो

## //प्रवेश पत्र//

### वाहन चालक एवं भृत्य

| | |
|---|---|
| **आवेदन का पंजीयन क्रमांक** | |
| **परीक्षार्थी का अनुक्रमांक** | |

आवेदित पद का नाम :– .............................................

अभ्यर्थी का नाम :– .............................................

पिता/पति का नाम :– .............................................

वर्ग :– .............................................

(अनारक्षित/अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. )

**परीक्षार्थी के हस्ताक्षर**

**कार्यालयीन उपयोग हेतुः–**

परीक्षार्थी का अनुक्रमांक :–...............................

परीक्षा केंद्र का नाम :– ..............................

परीक्षा का दिनॉक :– ..............................

परीक्षा का समय :– ..............................

**वास्ते/जिला एवं सत्र न्यायाधीश,**
**बलौदाबाजार**
**जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)**

**परीक्षार्थी के लिये अनुदेश** :–

1/ परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारंभ होने के 01 घण्टा पूर्व पंजीयन हेतु उपस्थित होना अनिवार्य है। विलम्ब से उपस्थित होने पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

2/ परीक्षा के दिन परीक्षार्थी को अपना प्रवेश–पत्र लाना अनिवार्य है। परीक्षा में केवल काले अथवा नीले बाल पेन का ही उपयोग करें। परीक्षार्थी उक्त प्रवेश पत्र को स्वयं भरकर साथ लेकर आवेगा। पृथक से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जावेगा। आवेदन पत्र के पंजीयन क्रमांक एवं अनुक्रमांक की जानकारी जिला न्यायालय की वेबसाईट **districts.ecourts.gov.in/balodabazar** एवं सूचना पटल से ली जा सकेगी।

3/ परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के अस्त्र–शस्त्र रखना वर्जित है अन्यथा परीक्षार्थी को परीक्षा से वंचित कर दिया जायेगा जिसके लिए परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

4/ प्रवेश पत्र में दिये गये निर्धारित स्थान पर आवेदन–पत्र में संलग्न किये गये फोटो के अनुसार ही फोटो चिपकाना/चस्पा करना अनिवार्य है। एक अतिरिक्त रंगीन नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो साथ लेकर आवश्यक रूप से आवे।

5/ परीक्षार्थी प्रवेश पत्र में हस्ताक्षर केवल परीक्षा के दिन परीक्षा–कक्ष में पर्यवेक्षक के समक्ष ही करें।

6/ **परीक्षार्थी अपने साथ आई.डी. (आधार कार्ड, ड्रायविंग लाईसेंस, मतदाता परिचय पत्र या पेन कार्ड) की मूल प्रति साथ लेकर आवे।**